<u>प्रेस-नोट</u>
<u>थाना-कोतवाली</u>

<u>दिनांक – 03.04.2024</u>

थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मिनर्वा चौराहे पर चैंकिग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति से कुल 13 लाख 82 हजार रुपये नगद बरामद हुए

लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक ठंग से सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत झाँसी पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले अंतर्राज्यीय/अंतर्जनपदीय बॉर्डरों, चौराहों, नाकों सहित अन्य संभावित स्थानों पर सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनाँक 03.04.2024 को थाना कोतवाली पुलिस मय हमराह का0 744 सौरभ सिंह व चौकी प्रभारी मिनर्वा उ0नि0 आशीष सिंह मय हमराह पुलिस बल के मिनर्वा चौराहे थाना क्षेत्र कोतवाली नगर में देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन में मामूर थे। तभी एक व्यक्ति अपनी पीठ पर काले रंग का पिट्ठू बैग लिये कोतवाली ढाल की तरफ से मिनर्वा की तरफ आ रहा था। संदिग्ध प्रतीत होने पर हमराहियो की मदद से विडियो ग्राफी कराते हुए चेकिंग की गयी, तो उसके द्वारा लिये गये काले बैग के अन्दर से कुल 13 लाख 82 हजार रुपये नगद बरामद हुए, जिसने अपना नाम वैभव गुप्ता पुत्र रमाकान्त गुप्ता निवासी ओबौरा थाना निवाड़ी जनपद निवाड़ी बताया गया, जिसकी विडियोग्राफी कराते हुए गिनती की गयी। पैसों के सम्बन्ध मे पूछताछ किया तो कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सका, जिसको कब्जा पुलिस में लेकर थाने पर दाखिल किया गया।

चूँकी बरामद कैश की मात्रा 10 लाख से ऊपर है इसलिए आयकर विभाग झाँसी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु सूचना दी गयी। बरामद शुदा कैश को ट्रेजरी झांसी मे जमा कराया जा रहा है।